# हिन्दी अपेक्षित : ધોરણ 10

## સપ્લિમેન્ટ

**[30 % હેતુલક્ષી તથા 70 % વર્ણનાત્મક પ્રશ્નો આધારિત]**

## પ્રશ્નપત્રનું પરિરૂપ

**નોંધ :** આ પરિરૂપ વિદ્યાર્થીઓ, શિક્ષકો, પ્રાશ્નિકો, મોડરેટર્સ વગેરેના માર્ગદર્શન માટે છે. પ્રાશ્નિક તેમજ મોડરેટર્સને માધ્યમિક શિક્ષણના બૃહદ્ હાર્દ / ઉદ્દેશને સુસંગત રહી પ્રશ્નપત્રની સંરચના બાબતે ફેરફાર કરવાની છૂટ રહેશે.

| | विभाग A : गद्यविभाग | अंक |
|---|---|---|
| ● | वस्तुनिष्ठ (हेतुलक्षी) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रश्न 1 से 9) | 09 |
| ● | एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए। (प्रश्न 10, 11) | 02 |
| ● | दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 12 अथवा 12) | 02 |
| ● | चार-पाँच वाक्यों में उत्तर दीजिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 13 अथवा 13) | 03 |
| ● | आशय स्पष्ट कीजिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 14 अथवा 14) | 02 |
| | **विभाग B : पद्यविभाग** | |
| ● | वस्तुनिष्ठ (हेतुलक्षी) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रश्न 15 से 23) | 09 |
| ● | एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए। (प्रश्न 24, 25) | 02 |
| ● | दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 26 अथवा 26) | 02 |
| ● | चार-पाँच वाक्यों में उत्तर दीजिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 27 अथवा 27) | 03 |
| ● | आशय स्पष्ट कीजिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 28 अथवा 28) | 02 |
| | **विभाग C : व्याकरणविभाग** | |
| ● | कहावत का सही अर्थ लिखिए। (प्रश्न 29) | 01 |
| ● | शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए। (प्रश्न 30) | 01 |
| ● | संधि छोड़िए। (प्रश्न 31) | 01 |
| ● | संधि मिलाइए। (प्रश्न 32) | 01 |

| | | |
|---|---|---|
| ● | मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (प्रश्न 33) | 02 |
| ● | विरोधी शब्द लिखिए। (प्रश्न 34, 35) | 02 |
| ● | पर्यायवाची शब्द लिखिए। (प्रश्न 36, 37) | 02 |
| ● | भाववाचक संज्ञा लिखिए। (प्रश्न 38, 39) | 02 |
| ● | विशेषण बनाइए। (प्रश्न 40, 41) | 02 |
| ● | कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए। (प्रश्न 42, 43) | 02 |
| ● | समास पहचानिए। (प्रश्न 44, 45) | 02 |
| | **विभाग D : लेखनविभाग** | |
| ● | किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 46 अथवा 46) | 03 |
| ● | परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। (प्रश्न 47 से 52) | 06 |
| ● | निम्नानुसार पत्र लिखिए। (प्रश्न 53) | 05 |
| ● | रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए। (प्रश्न 54) | 05 |
| ● | किसी एक विषय पर करीब 150 शब्दों में निबंध लिखिए। (किन्हीं *एक*) (प्रश्न 55 अथवा 55 अथवा 55) | 07 |
| | **कुल अंक** | **80** |

- **પ્રશ્નના પ્રકાર પ્રમાણે ગુણભાર :**

| ક્રમાંક | પ્રશ્નોના પ્રકાર | પ્રશ્નોની સંખ્યા | ગુણ |
|---|---|---|---|
| 1. | હેતુલક્ષી પ્રશ્નો (OQ) | 24 | 24 |
| 2. | અતિ ટૂંકજવાબી પ્રશ્નો (VSQ) | 20 | 20 |
| 3. | ટૂંકજવાબી પ્રશ્નો (SQ – I) | 05 | 10 |
| 4. | ટૂંકજવાબી પ્રશ્નો (SQ – II) | 03 | 09 |
| 5. | લાંબા પ્રશ્નો (LQ) | 02 | 10 |
| 6. | નિબંધ પ્રકારના પ્રશ્નો (EQ) | 01 | 07 |
| | કુલ | **55** | **80** |

# आदर्श प्रश्नपत्र

## [मार्च, 2022 की बोर्ड-परीक्षा के लिए]

**समय : 3 घंटे]** **[पूर्णांक : 80**

**सूचनाएँ :** ( 1 ) इस प्रश्नपत्र में कुल **चार** विभाग है और प्रश्नक्रमांक 1 से 55 है।

( 2 ) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

( 3 ) दाहिनी ओर दिए हुए प्रश्न के अंक दर्शाते हैं।

( 4 ) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।

## विभाग A : गद्यविभाग

**निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : 3**

**1.** हर आदमी किसका अंश है?

A. पूर्ण संग्रह का B. पंचतत्त्व का C. परमात्मा का D. प्रकृति का

**2.** विदेशी महिला ने देश की अवनति का कारण बताया ...

A. हमारे आलस्य को। B. हमारी कामचोरी को।

C. हमारे अहंकार को। D. हमारे बातूनीपन को।

**3.** लाड़ली बूढ़ी काकी को पूडियाँ देना चाहती थी, परंतु उसे किसका डर सता रहा था?

A. माँ का B. चाची का C. भैया का D. भाभी का

**सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 3**

**4.** टेल्को कंपनी का विज्ञापन ......... के पद के लिए था। *(डॉक्टर, इंजीनियर)*

**5.** मल्लिका की माँ को ......... की चिंता रहती थी। *(अपवाद, विवाद)*

**6.** जीते रहना सबसे ......... काम है। *(आसान, बडा)*

**सही वाक्यांश चुनकर निम्नलिखित विधान पूर्ण कीजिए : 3**

**7.** प्रो. रामिश कहते हैं कि अभी तो उन्हें अपना काम शुरू करना है और ...

*(अ) नये इन्जेक्शन बनाना है। (ब) नये देश का निर्माण करना है।*

*(क) देश के लाखों लोगों को कुपोषण से बचाना है।*

**8.** आंद्री गीद ...

*(अ) फ्रांसीसी लेखक है। (ब) भारतीय लेखक है। (क) अमरिकी लेखक है।*

9. 'एक नई शुरुआत' के दो वैज्ञानिकों के नाम ...
*(अ) प्रोफेसर आल्बर्ट और प्रोफेसर भुट्टो (ब) प्रोफेसर रामिश और प्रोफेसर माधवन*
*(क) प्रोफेसर बाल्कीश और प्रोफेसर एडविन*

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में लिखिए : 2**

10. अविनाश को पंचायत के मकान से क्यों लगाव था?

11. मालती के मन में बिन्दू के प्रति क्या आशंका हुई?

**निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर *दो-तीन* वाक्यों में लिखिए : 2**

12. पंडित शादीराम कर्ज अदा करने के लिए क्यों बेचैन थे?

**अथवा**

हमारे देश में किस प्रकार जागृति आ सकती है?

**निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर *चार-पाँच* वाक्यों में लिखिए : 3**

13. कालिदास हरिण-शावक को क्यों बचाना चाहते थे?

**अथवा**

सुधामूर्ति महिलाओं के लिए किस प्रकार प्रेरणामूर्ति है?

**निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : 2**

14. लातों के देव बातों से नहीं मानते।

**अथवा**

कविता आत्मा की कला है, संवेदना का सौंदर्य है।

## विभाग B : पद्यविभाग

**निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : 3**

15. भक्त धागा है, तो प्रभु क्या है?
A. मोती B. सोना C. चाँदी D. मणि

16. रसखान किस पर्वत का पत्थर बनना चाहते हैं?
A. गिरनार पर्वत का B. गोवर्धन पर्वत का
C. हिमालय पर्वत का D. शैत्रुंजय पर्वत का

17. गीता का गान करनेवाले कौन थे?
A. वाल्मीकि B. द्रोणाचार्य C. अर्जुन D. कृष्ण

**सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** **3**

**18.** ……… के साथ बैठकर मीरां ने लोक-लाज खोई *(साधु-संतों, नर्तकों)*

**19.** भारत का भाल ……… है। *(हिमालय, गिरनार)*

**20.** रैदास प्रभु को स्वामी मानकर खुद को ……… मानते हैं। *(सिपाही, दास)*

**सही वाक्यांश चुनकर विधान पूर्ण कीजिए :** **3**

**21.** कोटि-कोटि कंठों से निकली ...

*(अ) यही जलधारा है। (ब) यही दुग्धधारा है। (क) यही स्वरधारा है।*

**22.** कुत्ता खरहे को न पकड़ पाया, क्योंकि ...

*(अ) कुत्ता खरहे के लिए भाग रहा था।*

*(ब) खरहा अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा था। (क) खरहा बड़ा चालाक था।*

**23.** हम नवयुग के ...

*(अ) निर्माता है। (ब) अग्रदूत है। (क) वाहक है।*

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में लिखिए :** **2**

**24.** कवि को चश्मे और फूल कैसे लगते हैं?

**25.** महाजागरण गर्जन से किसकी प्राप्ति होगी?

**निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर *दो-तीन* वाक्यों में लिखिए :** **2**

**26.** सूखे पेड़ पर तोते को देखकर इन्द्र को क्यों आश्चर्य हुआ?

**अथवा**

कवि ने भूख की दशा को सुंदर क्यों कहा है?

**निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर *चार-पाँच* वाक्यों में लिखिए :** **3**

**27.** रसखान श्रीकृष्ण का सामीप्य किन रूपों में, किस प्रकार चाहते हैं?

**अथवा**

'जन्मभूमि' कविता में भारतभूमि की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई है?

**निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **2**

**28.** जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायो।

**अथवा**

कहते हैं सब शास्त्र, कमाओ रोटी जान बचाकर,
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

## विभाग C : व्याकरणविभाग

**निम्नलिखित कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए :** **1**

29. मुख में राम बगल में छुरी।

**निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए *एक* शब्द लिखिए :** **1**

30. किसी मुकद्दमे में वकील होने का प्रमाणपत्र

**निम्नलिखित संधि को छोड़िए :** **1**

31. महोत्सव

**निम्नलिखित संधि को मिलाइए :** **1**

32. नौ + इक

**निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **2**

33. आग-बबूला हो जाना

**निम्नलिखित शब्दों के विरोधी शब्द लिखिए :** **2**

34. गहन
35. सहयोग

**निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **2**

36. आलम
37. मसहरी

**निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए :** **2**

38. व्यस्त
39. प्रसिद्ध

**निम्नलिखित शब्दों की विशेषण संज्ञा लिखिए :** **2**

40. स्वर्ग
41. नगर

**निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए :** **2**

42. झगड़ा
43. नियंत्रण

**निम्नलिखित समास को पहचानिए :** **2**

**44.** पंचायत

**45.** सुशिक्षित

## विभाग D : लेखनविभाग

**निम्नलिखित संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :** **3**

**46.** आकाशवाणी **अथवा** समाचारपत्र

**निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **6**

भारत में शिक्षा का आधार अभी भी कक्षागत वार्ता, पाठवाचन व पाठ्यपुस्तकें ही हैं। पत्र-पत्रिकाओं व पुस्तकालयों में उपलब्ध अन्य सामग्री का उपयोग अभी भी हमारे विद्यालयों में सीमित है। व्यक्तिगत रूप से अच्छी पुस्तकें खरीदकर लेना संभव नहीं। फिर दूर-दराज में बिखरे लाखों गाँवों में पत्र-पत्रिकाएँ आसानी से प्राप्त नहीं होतीं। फलस्वरूप शिक्षक नवचिन्तन से अनजान रहते हैं व छात्र देश-विदेश में घटित महत्त्वपूर्ण घटनाओं से अपरिचित। उन्हें अपने ही देश के विभिन्न धर्मों, उनके सार्वभौमिक सिद्धांतों, उसकी कला, साहित्य व संस्कृति की विशेष जानकारी नहीं होती। वे पढ़-लिखकर भी अनपढ़ से ही रहते हैं, ज्ञान के विस्फोट के युग में भी वे ज्ञान से अछूते, उसके प्यासे!

**प्रश्न :**

**47.** आज शिक्षा का आधार क्या है?

**48.** कौन-सी शिक्षण-सामग्री का उपयोग मर्यादित है?

**49.** शिक्षक नवचिन्तन से अनजान क्यों रहते हैं?

**50.** छात्र देश-विदेश में घटित महत्त्वपूर्ण घटनाओं से अपरिचित क्यों रहते हैं?

**51.** पढ़-लिखकर भी अनपढ़ जैसा कौन रहता है?

**52.** इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

**निम्नानुसार पत्र लिखिए :** **5**

**53.** 11, सुभाषनगर, राजकोट से पूजा जोशी अहमदाबाद-निवासी अपनी सहेली प्रांजली व्यास को बाढ़पीड़ितों की दुर्दशा का वर्णन लिख भेजती हैं।

**रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : 5**

**54.** दो स्त्रियाँ – एक बच्चे के लिए झगड़ना – एक का कहना, 'बालक मेरा है' – दूसरी का भी उस पर दावा करना – झगड़ा काजी के पास – काजी ने कहा, "बच्चे के दो टुकड़े करके बाँट दो" – स्त्री का गिड़गिड़ाना – कहा, "मुझे नहीं चाहिए, उसे ही दे दो।" – दूसरी एकदम शान्त – काजी का फैसला – "रोती हुई स्त्री को बच्चा सौंप दो।" – सीख।

**निम्नलिखित किसी *एक* विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : 7**

**55.** स्वच्छ भारत

*प्रस्तावना – भारत की वर्तमान स्थिति – अस्वच्छता से हानि – स्वच्छता की आवश्यकता – हमारा कर्तव्य – उपसंहार।*

**अथवा**

कोरोना ने बदला हमारा जीवन

*प्रस्तावना – कोरोना से बदलाव – कोरोना का असर – मानवीय रिश्तों पर प्रभाव – विश्व की अर्थव्यवस्था में प्रभाव – पढ़ाई में आया व्यधान – रोकने के उपाय – बचने के उपाय – उपसंहार।*

**अथवा**

अगर बचपन लौट आए

*विचित्र कल्पना – पढ़ाई का बोझ कम हो जाए – शरारत करने के मौके मिलें – इच्छाएँ पूरी हो जाएँ – आर्थिक लाभ – ऐसा भाग्य कहाँ?*